Presentation of 152nd to 159th Reports (Hindi and English version) of the Committee on Papers Laid on the Table

श्री गिरीश चन्द्र **(नगीना) :** महोदय, मैं सभा पटल पर रखे गए पत्रों संबंधी समिति (2023-24) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन राष्ट्रीय आरोग्य निधि, नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदनों तथा लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखने में विलंब के बारे में 152 वां प्रतिवेदन ।

(2) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) पूर्ववर्ती राष्ट्रीय कौशल विकास अभिकरण (एनएसडीए) और राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी), नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदनों तथा लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखने में विलंब के बारे में 153 वां प्रतिवेदन ।

(3) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन सागरमाला डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदनों तथा लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखने में विलंब के बारे में 154 वां प्रतिवेदन ।

(4) पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चंडीगढ़ के वार्षिक प्रतिवेदनों तथा लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखने में विलंब के बारे में समिति के 104 वें प्रतिवेदन (17 वीं लोक सभा) में की-गई टिप्पणियों/सिफारिशों पर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि और किसान कल्याण विभाग) द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 155 वां प्रतिवेदन ।

(5) राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद के वार्षिक प्रतिवेदनों तथा लेखापरीक्षित लेखाओं को

सभा पटल पर रखने में विलंब के बारे में समिति के 123 वें प्रतिवेदन (17 वीं लोक सभा) में की-गई टिप्पणियों/सिफारिशों पर विद्युत मंत्रालय द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 156 वां प्रतिवेदन ।

(6) जम्मू एंड कश्मीर हॉर्टीकल्चर प्रोड्यूस मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेकेएचपीएमसी), श्रीनगर के वार्षिक प्रतिवेदनों तथा लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखने में विलंब के बारे में समिति के 99 वें प्रतिवेदन (17 वीं लोक सभा) में की-गई टिप्पणियों/सिफारिशों पर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि और किसान कल्याण विभाग) द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 157 वां प्रतिवेदन ।

(7) पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदनों तथा लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखने में विलंब के बारे में समिति के 102 वें प्रतिवेदन (17 वीं लोक सभा) में की-गई टिप्पणियों/सिफारिशों पर वित्त मंत्रालय (वित्तीय सेवाएं विभाग) द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 158 वां प्रतिवेदन ।

(8) भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, वड़ोदरा के वार्षिक प्रतिवेदनों तथा लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखने में विलंब के बारे में समिति के 108 वें प्रतिवेदन (17 वीं लोक सभा) में की-गई टिप्पणियों/सिफारिशों पर शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 159 वां प्रतिवेदन ।

? (व्यवधान)

12.09½ hrs